कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांक: DSW/
दिनांक: 17.10.2022

प्रेस विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित परास्नातक, एल0एल0बी0 तीन वर्षीय एवं सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश की प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक: 19.10.2022 को प्रकाशित की जायेगी। प्रथम वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में दिनांक: 19.10.2022 से दिनांक: 21.10.2022 तक (तीन कार्य दिवस) प्रवेश किये जायेंगे। विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक: 21.10.2022 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सम्पुष्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लेने हेतु समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/महाविद्यालय/संस्थान में प्रवश हेतु सम्पर्क करें।

प्रथम वरीयता सूची पर अंकित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/महाविद्यालय/संस्थान आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अवसर दिया जायेगा।

17/10/22
प्रवेश समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

17/10/22
प्रवेश समन्वयक